Literacy for a Billion

Movie: Mast
Year: 1999

Song: Pucho Na Yaar Kya Huva
Lyricist: Nitin Raikwar

पूछो ना यार क्या हुआ
उनका दीदार क्या हुआ
सपने मेरे रँग लाए
हाँ लाए
उसने कहा मैं तेरी हूँ जानां

पूछो ना यार क्या हुआ
ये सब हुआ कैसे

पिट्ज़ा का लेके ऑडर
मैं गया बंगले के अंदर
मैंने टिंग टिंग बैल बजाई
फिर क्या होना था ए भाई
मेरे प्यार की खुशबू से वो
खोलने दरवाज़ा आई
लड़ गई ये दोनों आँखें
थोड़ी शरमाई मुसकाई
उसके सीने में भी धक धक
मेरे सीने में भी धक धक

उसके सीने में भी धक धक
मेरे सीने में भी धक धक

फिर क्या हुआ ...
बोल ना यार

पूछो ना यार क्या हुआ
उनका दीदार क्या हुआ
सपने मेरे रँग लाए
हाँ लाए
उसने कहा मैं तेरी हूँ जानां
पूछो ना यार क्या हुआ

क्या पुराने रेकार्ड की तरह
अटक रहा है हाँ
यार तेरा हमेशा का यही
लोचा है
इंट्रस्ट में लाता है
और अटका देता है
ओय साला तेरको मालूम
अपने को कितना खुशी होता है
आगे बता

सेलल्यूलर पे कॉल आया
उसने नो का बटन दबाया
टेलीफ़ोन का वो रिसीवर
रख दिया झट से उलटकर
होश था बेहोश भी था
मेरे दिल में जोश भी था
मैंने बोला मैं हूँ आशिक़
तुमको चाहूँ बेतहाशा
मैंने उसका हाथ पकड़कर
कह दिया जो भी कहना था
मैंने उसका हाथ पकड़कर
कह दिया जो भी कहना था

फिर क्या हुआ ...
बता ना यार

पूछो ना यार क्या हुआ
उनका दीदार क्या हुआ
सपने मेरे रँग लाए
हाँ लाए
उसने कहा मैं तेरी हूँ जानां
पूछो ना यार क्या हुआ

ये तो कमाल हो गया
तू तो मालामाल हो गया
मोहब्बत के ख़ज़ाने में
एक मिनट एक मिनट
उसने कुछ कहा कि नहीं हाँ

उसने मेरी आँखों में
आँखें डालकर कहा

हो गई हूँ मैं तुम्हारी
दिल तुम्हें मैंने दे डाला
मुझको दुनिया की नहीं परवाह
तुम हो मजनूँ मैं हूँ लैला
कौन हो तुम कहाँ से आए
तुमसे मैं ये ना पूछूँगी
तुम मिले सब कुछ मिला है
तुमको जीवन भर चाहूँगी
फिर कहा बातों बातों में
ले लो मुझको तुम बाँहों में
फिर कहा बातों बातों में
ले लो मुझको तुम बाँहों में
अब बस हुआ ...

तू बंद कर फेंकना
पकड़ा गया देख ना
करते हैं हम ये दुआ
उस खुदा से
हो जाए सच तेरा
सपना यारा

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.